दिनांक : 02.04.2026 समय : 02.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार

नमस्कार, समाचारों के साथ

पीएम कर्मयोगी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत की तेजी से बदलती आकांक्षाओं के लिए एक ऐसे प्रशासनिक मॉडल की आवश्यकता है जो न केवल कुशल हो बल्कि नागरिक-केंद्रित भी हो। उन्होंने **कर्मयोगी साधना सप्ताह** को संबोधित करते हुए आज एक वीडियो संदेश में यह बात कही। वर्तमान शासन को **'नागरिक देवो भव'** के मंत्र से निर्देशित बताते हुए श्री मोदी ने कहा कि इसका स्पष्ट उद्देश्य सार्वजनिक सेवा को अधिक सक्षम, संवेदनशील और नागरिक-केंद्रित बनाना है।

सिंधिया इंडिया पोस्ट

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि इंडिया पोस्ट देश में एक प्रमुख लॉजिस्टिक्स पावरहाउस बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है और इसका लक्ष्य 2030 तक वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बनाना है। संचार मंत्री ने आज नई दिल्ली में डाक प्रशिक्षण केंद्र-पीटीसी सहारनपुर के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक स्मारक डाक टिकट जारी करते समय यह बात कही। इस दिन को ऐतिहासिक बताते हुए उन्होंने 75 वर्ष पुराने इस प्रशिक्षण केंद्र की प्रशंसा की ।

सिंधिया- अशोकनगर

केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया आज से अशोकनगर जिले के चार दिवसीय विस्तृत प्रवास पर रहेंगे। केन्द्रीय मंत्री कल ग्राम कजराई में पंचायत भवन का लोकार्पण करेंगे। श्री सिंधिया मुंगावली और पिपरई में विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे तथा जनसुनवाई के माध्यम से सीधे नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करेंगे।

अग्निवीर भर्ती रैली

सेना भर्ती कार्यालय, महू द्वारा इंदौर और उज्जैन संभाग के 15 जिलों के लिए 'अग्निवीर भर्ती रैली 2027' का आधिकारिक विज्ञापन जारी कर दिया गया है। योग्य एवं इच्छुक अभ्यर्थी आगामी 10 अप्रैल 2026 तक भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in पर अपना ऑनलाइन पंजीयन सुनिश्चित कर सकते हैं। चयन प्रक्रिया के अंतर्गत लिखित परीक्षा, शारीरिक दक्षता परीक्षण और चिकित्सकीय परीक्षण के विभिन्न चरण आयोजित किए जाएंगे।

हनुमान जयंती

प्रदेशभर में आज हनुमान जयंती का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। प्रदेशभर के मंदिरों में विशेष पूजन, भजन-कीर्तन और धार्मिक आयोजन हो रहे हैं। भोपाल, उज्जैन, इंदौर, ग्वालियर सहित कई शहरों में शोभायात्राएं निकाली जा रही हैं, जिसके चलते प्रशासन ने सुरक्षा और ट्रैफिक के विशेष इंतजाम किए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हनुमान जयंती की प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए सभी के सुख-समृद्धि की कामना की है।

मौसम

प्रदेश में सक्रिय साइक्लोनिक सर्कुलेशन और ट्रफ सिस्टम के चलते मौसम ने करवट ली है, जिसके कारण आगामी 5 अप्रैल तक प्रदेश के 30 जिलों में आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार, आज गुरुवार को भोपाल और इंदौर सहित मालवा-निमाड़ अंचल के धार, बड़वानी और झाबुआ में ओलावृष्टि की संभावना है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में :-

- नर्मदापुरम जिले में नरवाई जलाने के खिलाफ जिला प्रशासन सख्त कार्रवाई कर रहा है। इसके तहत एसडीएम द्वारा नरवाई जलाने के आरोप में 4 किसानों पर एफआईआर दर्ज करवाई गई है।
- राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर ने प्रदेश के प्रत्येक जिले में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के लिए कुल 51 न्याय सारथी मोबाइल विधिक सहायता क्लीनिक वाहन की व्यवस्था की है।
- **शिवपुरी** कलेक्टर ने **कल** आगामी ग्रीष्मकाल को दृष्टिगत रखते हुए सभी नगरीय निकायों में नियमित एवं निर्बाध जल प्रदाय सुनिश्चित किया जाए।

इस बुलेटिन में बस इतना ही, अगला बुलेटिन शाम 7 बजकर 10 मिनट पर, नमस्कार।